Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to constitute an All India Matua Development Board for the welfare of the Matua community.

श्री शान्तनु ठाकुर (बनगांव): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में एक अति महत्वपूर्ण विषय रखने जा रहा हूं जो एक विशेष समुदाय से संबंधित है । यह समाज हिन्दू समाज के एक अति पिछड़े वर्ग से है, जो मतुआ समाज कहलाता है । बांग्ला देश में बसे हुए हिन्दुओं में से 90 परसेंट मतुआ समाज से हैं । धार्मिक भेदभाव होने के कारण इस समाज के लोग बांग्लादेश में अपनी सारी घर-जमीन छोड़कर शरणार्थी के रूप में भारतवर्ष में रहने लगे । आजादी के बाद से आज तक इस समाज के लोगों को काफी वंचित किया गया है । इसके साथ ही ये लोग अपने भविष्य के लिए चिंतित है । मोदी जी की सरकार द्वारा हिन्दू मतुआ समाज के शरणार्थियों को भारत में नागरिकता देने की पहल की जा रही है जो काफी स्वागत योग्य है । महोदय, नागरिकता देने के साथ-साथ मतुआ समाज को इस सरकार से अपेक्षा है कि इस समाज का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से भी विकास हो । इसके लिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि ऑल इंडिया मतुआ डेवलपमेंट बोर्ड बनाया जाए ताकि इन लोगों का विकास हो और साथ ही साथ एक उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ सकें ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री शान्तनु ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।